भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *140

जिसका उत्तर 13 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

चंद्रपुर शहर को जल आपूर्ति

*140. श्रीमती प्रतिभा सुरेश धानोरकर:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चंद्रपुर शहर में जल आपूर्ति के लिए कोई स्वतंत्र स्रोत उपलब्ध नहीं है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा चंद्रपुर शहर में जल आपूर्ति हेतु नए स्रोत बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार का चंद्रपुर शहर के लिए जल स्रोत बनाने हेतु वर्धा नदी पर बांध के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटील

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

'चंद्रपुर शहर को जल आपूर्ति' के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. *140 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (घ): महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चंद्रपुर शहर के लिए महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के स्वामित्व वाले एराई बांध से जल आपूर्ति किए जाने के लिए एक स्वतंत्र स्रोत उपलब्ध है। चंद्रपुर शहर की जल आपूर्ति के लिए इस समय एराई बांध से 18 मिलियन घन मीटर पीने का पानी आरक्षित है।

इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र सरकार द्वारा वर्धा नदी पर धनौरा बैराज और आमदी बैराज नामक दो बैराजों की योजना बनाई है, जिसमें भविष्य में चंद्रपुर शहर की जल आपूर्ति की मांग के लिए क्रमशः लगभग 25 मिलियन घन मीटर और 10 मिलियन घन मीटर पानी का प्रावधान है।

*****